## फर्द अहककाम

## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, भीलवाडा जिला भीलवाडा(राज0)

| | | |
|---|---|---|
| श्री कैलाशचन्द्र पुत्र रामचन्द्र मीणा निवासी भीलवाडा | बनाम | श्री प्रेमचन्द पुत्र रामलाल खटीक निवासी भीलवाडा वगैराह |

धारा 111–128 एल0आर0एक्ट

मुकदमा 256 / 2022

27.05.2022 पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। प्रार्थी अधिवक्ता की प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। निर्णय संलग्न है। प्रकरण निर्णित शुमार हो नम्बर से कम किया जावे।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी ओम प्रभा आर.ए.एस.

मुकदमा नम्बर–256/2022 राजस्व प्रार्थना पत्र

उनवान

1. श्री कैलाशचन्द्र पुत्र रामचन्द्र मीणा निवासी सन्तोष कॉलोनी संगम स्कूल के पास भीलवाडा तहसील व जिला भीलवाडा।

– प्रार्थी

बनाम

1. श्री प्रेमचन्द पुत्र रामलाल खटीक निवासी शिव मन्दिर के पास पंचमुखी रोड दादाबाडी भीलवाडा तहसील व जिला भीलवाडा।
2. श्री मथरालाल पुत्र केसरीलाल महाजन निवासी भीलवाडा।
3. श्रीमति टीमू कंवर पत्नी रामसिंह राजपूत निवासी शिवनाथपुरा ब्यावर जिला अजमेर।
4. श्री नाथू पुत्र कल्याण लुहार निवासी धुमडास तहसील व जिला भीलवाडा।
5. श्री राम सिंह पुत्र भैरू सिंह राजपूत निवासी शिवनाथपुरा ब्यावर जिला अजमेर।
6. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार भीलवाडा।

–विपक्षीगण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956**

निर्णय

**दिनांक 27.05.2022**

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राज0भू0राज0 धिनियम 1956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम पोण्डरास प0ह0 पाहेली भू0अ0नि0 दांथल तहसील व जिला भीलवाडा में स्थित आराजी नम्बर 9/3 कबा 0.5058 हैक्टेयर किता 1 रकबा 0.5058 हैक्टेयर भूमि का खातेदार काश्तकार है। दग्रस्त आराजियात की भूमि के विपक्षीगण पडौसी है। प्रार्थी एंव विपक्षीगण के मध्य श्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता हता है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। वेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावें।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी अधिवक्ता की हस सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। बहस पर मनन् किया। जमाबन्दी म्वत् 2070 से 2073 ग्राम पोण्डरास प0ह0 रूपाहेली भू0अ0नि0 दांथल तहसील व ला भीलवाडा में स्थित आराजी नम्बर 9/3 रकबा 0.5058 हैक्टेयर किता 1 रकबा 5058 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढी कराने के अधिकारी है। इस आदेश से किसी भी कार का अभिलेख में किसी प्रकार हक व अधिकार तय नही होते है तथा न किसी कार अधिकार निर्धारित किये जाते है। अतः नैसंर्गिक सिद्धान्त के आधार पर प्रार्थी का र्थना पत्र स्वीकार योग्य है। अतःएंव

**उपखण्ड अधिकारी**
**भीलवाड़ा**

// आदेश //

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा–111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 के तहत स्वीकार किया जाकर ग्राम पोण्डरास प0ह0 रूपाहेली भू0अ0नि0 दांथल तहसील व जिला भीलवाडा में स्थित आराजी नम्बर 9/3 रकबा 0.5058 हैक्टेयर किता 1 रकबा 0.5058 हैक्टेयर भूमि सीमा जानकारी के लिये पत्थरगढी किये जाने का आदेश दिया जाता है। राजकीय पत्थरगढी शुल्क 100/–रूपये तहसीलदार भीलवाडा के यहॉ संबंधित मद में प्रार्थी जमा करावे। पत्थरगढी किये जाने के लिये **भू0अ0निरीक्षक दांथल 500/–रूपये (पांच सौ रूपये)** कमिश्नर फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर विपक्षीगण को विधिवत सूचना देकर उन्हे मौके पर उपस्थित रहने हेतु अवगत करावे। कमिश्नर फीस प्रार्थी मौके पर जमा करावें। कमिश्नर फीस जमा होने पर पक्षकारान की उपस्थिति में ही पत्थरगढी की जावें। पत्थरगढी करने के पश्चात यदि यह पाया जाता है कि प्रार्थी की भूमि पर अन्य काश्तकार का या किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा है तो ऐसी स्थिति में प्रार्थी को विधिवत कब्जा प्राप्त करने हेतु सक्षम न्यायालय में वाद दायर करने हेतु स्वतंत्र है। यदि प्रार्थी की उपरोक्त खातेदारी भूमि के संबंध में अन्य न्यायालयो में कार्यवाही विचाराधीन होने एंव स्थगन होने पर पत्थरगढी कार्य नही किया जावे।

अतः भू0अ0नि0 दांथल जो कि उक्त प्रकरण में कमिश्नर है, मौके पर उपस्थित प्रार्थी व विपक्षीगण की उपस्थिति में पत्थरगढी की जाकर पर्चा मौका मय मानचित्र प्रस्तुत करे।

पत्थरगढी किये जाने के लिये तहसीलदार भीलवाडा को पालना हेतु लिखा जावे।

(ओम प्रभा)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा

निर्णय आज दिनांक 27.05.2022 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा